

केन्द्रीय विद्यालय संगठन

श्रीनगर

वर्ष 2025-26

कक्षा पत्रिका

कक्षा - 6

"मेरी माँ"











www.youvaworld.com

Date

Topic

संकेत

क्रमांक	छात्र/छात्रा का नाम	विधा	पृष्ठ
1	आदर्श सिंह	संपादक	1
2	मदीहा मंज़ूर	कविता	2
3	दिपांशु	कविता	3
4	सुदीप्ता	कविता	4
5	आरोही पात्रा	कविता	5
6	देव	कविता	6
7	शीतल	कविता	7
8	आदित्य पाठक	कविता	8
9	हर्षा उदया	कविता	9
10	अर्णव शर्मा	कविता	10
11	अयान	लेख	11
12	हारडिक	कविता	12
13	नूसरत	कविता	13
14	ललित	कविता	14
15	आदर्श	लेख	15
16	अर्मिता गुप्ता	लेख	16
17	आयुष पाठक	लेख	17
18	क्रीतिका	लेख	18
19	साहिल लोहिया	लेख	19
20	हर्षा उदया	निबंध	20
21	गौरव दास	लेख	21
22	जॉशना रानी	लेख	22
23	ऊत्मी	निबंध	23
24	वाणी पान्डे	लेख	24



www.youvaworld.com

Date : Page No :

Topic :



क्रमांक	छात्र / छात्रा का नाम	विधा	पृष्ठ
25	कुणाल	लेख	25
26	फरहान	लेख	26
27	अमाना	लेख	27
28	लोहित	लेख	28
29	दिव्यांशी	निबंध	29
30	देव कुमार	लेख	30
31	जीतेश	लेख	31
32	विशाल	लेख	32
33	आरव	निबंध	33
34	पहल	लेख	34
35	रिधीश	लेख	35
36	आदित्या	लेख	36
37			
38			
39			
40			
41			
42			
43			
44			
45			
46			
47			
48			
49			
50			
51			



Date : 17/1/25 No. : 2
Topic : संपादक



संपादकीय

प्रस्तुत है कक्षा 6ठ के बच्चों द्वारा रचित हमारी विशेष कक्षा पत्रिका "मेरी माँ"। इस पत्रिका में आपको कविता, आत्मकथा, जीवनी, लेख और निबंध जैसी विविध विधाओं की सुंदर झलक मिलेगी।

माँ एक शब्द नहीं, भावों की संपूर्ण दुनिया है। हमारे विद्यार्थियों ने अपनी भावनाओं को बड़े ही सरल, सच्चे और मधुर शब्दों में पिरोया है। हर रचना में माँ के प्रति प्रेम, आदर और स्मरण की सुगंध बसी हुई है।

इस पत्रिका के प्रकाशन में हमारे आदरणीय प्राचार्य श्री प्यारा लाल जी का मार्गदर्शन और हिन्दी शिक्षक श्री सज्जन सिंह जी का प्रेरणादायक सहयोग हमें लगातार मिलता रहा, जिसके लिए हम हृदय से आभारी हैं।

आशा है कि यह पत्रिका आपके हृदय को छुएगी और माँ के प्रति आपके भावों को और भी गहराई देगी। कृपया इसे पढ़ें, सराहें और अपने सुझावों से हमें अवगत कराएँ।



= आदर्श सिंह
= संपादक
कक्षा ⇒ 6ठ
केंद्रीय विद्यालय
कुम्हामा

= धन्यवाद =

Topic पत्रिका Date 16/7/2025

मेरी माँ



माँ का नाम महमूदा मंज़ूर कविता

मेरी माँ की बातें निराली,
हँसी में उसकी है लहरें काली।
एक जाइ पर कहे ना कभी,
हर मुश्किल में बन जाइ जादूगरी।
रोटी पकाइ गोल सी चाँद,
गुस्सा भी है मीठा सा बाँड।
मेरी माँ का दिल है समंदर,
उसके बिना घर लगता बंजर।
ईश्वर भी कहे देख
के ये हाल,
माँ ही तो है सबसे
बेमिसाल!

नाम = महीहा मंज़ूर
कक्षा = 8th

माँ के हस्ताक्षर

JN-001 JINDAL NOTES

माँ

P-3



अपनी सारी खुशियाँ हम पर लुटा देती हो
माँ तुम इतना सब कैसे कर लेती हो
जब-जब भी ये तकदीर दगा देती है
माँ की मुस्कराहट उम्मीद जगा देती है
मेरे हौसले को उड़ान तुम देती हो
माँ तुम इतना सब कैसे कर लेती हो
दूर जब भी तुमसे होता हूँ
सब कहूँ तो अकेले मे रोता हूँ
माँ मेरी हर ख्वाहिश तुम पूरी कर देती हो
माँ तुम इतना सब कैसे कर लेती हो
सच की राह पर चलना सिखाया है
हमको जीने का मतलब बताया है
जीवन की अनमोल बाते सिखा देती हो
माँ तुम इतना सब कैसे कर लेती हो
मुझे जरा सी चोट लगने पर आँसू बहा देती हो
माँ तुम इतना सब कैसे कर लेती हो
माँ तुम इतना सब कैसे कर लेती हो

~~जन्म~~ छात्र का नाम-
हिमांशु

माँ के हस्ताक्षर-
Kama

Topic मेरी माँ पर कविता Date 18/07/2025

मेरी माँ



Photo

माँ तेरी ममता है, सबसे न्यारी,
लगती हो तुम मुझे सबसे प्यारी।

प्यार तुम्हारा सागर समान
स्नेह भरी तेरी हर मुस्कान।

बिन कहे तुम सब समझ जाती
बिन माँगे हर चीज दिलाती।

दूर करती मेरी सारी बीमारी,
मेरी जादू की छड़ी है दुआ तुम्हारी।

मेरी खातिर सौं सपने सजाती,
अरमानो को अपने त्याग देती।

बिन तेरे है जिन्दगी सारी,
तुमने ही मेरी जीवन सवारी।

माँ के हस्ताक्षर

सुदीप्ता पाइकैरास्

Sudipta Paikaray.

JN-013 JINDAL NOTES



www.youvaworld.com

Date: Page No:

Topic: 'मेरी माँ' पर कविता

मेरी माँ

माँ तो जन्नत का फूल है,
प्यार करना उसका उसूल है,

दुनिया की मोहब्बत फिजूल है,
माँ की हर दुआ कबूल है,

ऐ इंसान ... माँ को नाराज करना
तेरी भूल है

माँ के कदमें की मिट्टी
जन्नत की धूल है

छात्र का नाम
~~दिशांक~~ आशेही पात्रा

माँ के हस्ताक्षर
Mansi Patra

(दैव)

www.youvaworld.com

Date 17/07/2025 Page No 01

Topic मेरी माँ





कविता ~

"मेरी माँ"

सब कुछ सहती है फिर भी चुप रहती है
अपना निवाला देकर, तेरा पेट वो भरती है
माँ ऐसी ही होती, है
हाँ सच में माँ ऐसी ही होती है
सारे दुःख झेलकर खुश तुझे वो रखती है
अपना मानकर मन तेरी लाते सहती है
फिर भी सारे काम्र्म करके कितना दर्द सहती है
माँ ऐसी भी होती है,



तेरी खुशियों के खातिर दुनिया से लड़ पड़ती है
पर तेरी सलामती की, दुआ रोज़ वो करती है
माँ ऐसी ही होती है,
हाँ सच में माँ ऐसी ही होती है॥



मेरी माँ मेरी दुनिया

माँ का दिल अपार प्रेम का सागर होता है, जिसका कोई अंत नहीं।



नीलम

www.youviworld.com

Date 17/7/2025 Page No

Topic मेरी माँ

मेरी माँ

मेरी माँ है कितनी प्यारी
सबसे सुंदर, सबसे न्यारी।

मीठी-मीठी लोरी गाती,
लोरी गाकर मुझे सुलाती।

मुझे पढ़ाती मुझे लिखाती,
मुझे पहले खाना खिलाती।

सच बोलना मुझे सिखाती।
सच्ची राह पर हमें चलाती"।

धन्यवाद

विद्यार्थी का नाम
प्रीतल

माँ का हस्ताक्षर
श्री नीतेश

माँ का नाम - नीतेश्वा

www.youvaworld.com

Date : 17-7-2005 Page No : 1

Topic :



मेरी माँ

कविता

सब कुछ सहती है, फिर भी चुप रहती है
अपना निवाला देकर, मेरा पेट वो भरती है

माँ सच में ऐसी होती है
हाँ सच में ऐसी हीं होती है

सारे दुःख झेलकर, खुशी मुझे वो देती है
अपना मारकर मन, मेरी जेबें भरती है
माँ ऐसी हीं होती है

नौ माह भीतर रख कर, मेरी लात सहती है
फिर भी सारे काज करके, कितना दर्द सह लेती है
माँ ऐसी ही होती है

मेरी खुशियों के खातिर, दुनिया से लड़ पड़ती है
पर तेरी सलामती की, दुआ रोज़ वो करती है

माँ ऐसी ही होती है
हाँ सच में माँ ऐसी ही होती है

:आदित्य पाठक

-माँ का नाम
= सुधा पाठक

Sudha

www.youvaworld.com

Date 16/7/2025 Page No.

Topic : कविता

मेरी माँ

दुनिया की सबसे प्यारी माँ,
मैं अगर रूठूँ तो मनाना जानती है,
अगर मैं रोऊँ तो हँसाना जानती है,
मेरी परेशानी को चुटकी मे खत्म
करना जानती है,
मेरी माँ।



माँ से बढ़कर,
दोस्त बनना जानती है,
अपना हर पन्ना खोल कर,
मेरी बातें सुनना चाहती है,
भूख ना हो,
तो भी खिलाना जानती है,
मेरी माँ।

यह कर्ज आपका,
कैसे अदा कर पाऊँगी मैं माँ,
जितना आप करते हो,
उसका आधा भी,
कैसे कर पाऊँगी मैं माँ?

स्वयं
हर्षा ठक्रा
कक्षा - 8वी (अ)

Sharma
हस्ताक्षर
श्रीमती शमा देवी

www.youvaworld.com

Date : 17/7/025 Page No. 1

Topic : [redacted], कविता



मेरी माँ

माँ तेरी ममता सबसे प्यारी,
लगती हो तुम न्यारी!

माँ तो जन्नत का फूल है,
माँ की हर दुआ कबूल है!


प्यारी-प्यारी मेरी माँ, प्यारी-प्यारी मेरी माँ,
सारे जग से न्यारी माँ, देती चीजें सारी माँ!

माँ खिलौने दिलाती है,
मुझे हमेशा प्यार से समझाती है!

मेरी माता का नाम ललिता देवी है,
दुनिया [redacted] का सबसे प्यारा है!

अर्णव शर्मा

ललिता देवी





मेरी माँ दुनिया की सबसे प्यारी माँ है।
मेरी माँ का नाम जवाहरा है। वह
बहुत ही सुंदर है। वह हमारे
परीवार का अच्छी तरह से ख्याल
रखती है। वह हर सुबह सबसे
पहले उठ जाती है। वह हमारे
लिए स्वादिष्ट खाना बनाती है।
मेरी माँ एक पढ़ी-लिखी महिणी है। वह बहुत मेहनती है।
वह मुझे पढ़ाई में मदद करती है। मेरी माँ मेरी सबसे अच्छी
दोस्त है। वह हमेशा मुझे अच्छी बातें सिखाती है। वह मुझे रात
को कहानी सुनाती है। मेरी
माँ बहुत प्यारी है।

नाम: अयान
कक्षा: 6th
हस्ताक्षर: Jan



मेरी माँ

माँ तो जन्नत का फूल है,
प्यार करना उसका उसूल है,
दुनिया की मोहब्बत फिजूल है,
माँ की हर दुआ कबुल है,
ऐ इंसान माँ को नाराज करना
तेरी भूल है
माँ के कदमो की मिट्टी...
जन्नत की धूल है

मेरी माँ

- जिन्दगी की पहली शिक्षक माँ,
  जिन्दगी की पहली दोस्त माँ,
  जिन्दगी देने वाली माँ सा
  जिन्दगी भी माँ!
- सबका हरदम ध्यान रखती
  कभी न करती दोस्त आना कानी
  परिवार का आधार है माँ
  माँ बिन अधूरी सबकी कहानी!

» मेरी माँ का नाम कानीज है!
» मेरी माँ एक बहुत प्यारी लड़की है!
» वह सुबह जल्दी उठती है!
» वह हमारे लिए स्वादिष्ट खाना बनाती है!
» वह मुझे पढ़ाई में मदद करती है!
» वह मुझे मुझे अच्छी आदतें सिखाती है!
» हमें अपनी माँ का सम्मान करना चाहिए!

① मेरी माँ का नाम कानीज है!

② Mother Singnisure Kaneez.

Topic _____ Date 16.7.25

मेरी माँ पर कविता

माँ मेरी अच्छी
माँ मेरी सच्ची।
प्यार करती बहुत,
मीठा बोलती हरदम

साथ में सुनती
कहानियाँ कहती।
कभी ना डाँटती
प्यारी सी माँ मेरी।

फूलों से सुंदर,
चंदा सी शीतल।
सबसे बड़ी मेरी दौलत
मेरी प्यारी माँ।

तनिष्क
हस्ताक्षर

[illegible]
हस्ताक्षर

www.youvaworld.com

Date : 16/7/25 Page No : 3

Topic : मेरी माँ

मेरी माँ



मेरी माँ बहुत प्यारी हैं। वह मेरे लिए भगवान से कम नहीं हैं। मेरी माँ मेरे जीवन की प्रथम गुरु हैं। जो मुझे शिक्षा देती हैं। मेरी माँ हमेशा यही सिखाती हैं की बड़ो को हमेशा सम्मान देना चाहिए एवं हमेशा सत्य बोलना चाहिए। मेरी माँ घर के हर सदस्य का ख्याल रखती हैं। हमारे घर में मेरी माँ सबसे पहले उठ जाती हैं। और का सारा काम करती हैं। साथ में मुझे भी जगाती ताकि मैं समय पर स्कूल जा सकूँ। मैं अपनी माँ से बहुत प्यार करता हूँ और माँ भी मुझसे अधिक मुझे प्यार करती हैं। मेरी माँ मुझे कभी भी उदास नहीं देखना चाहती। वह हमेशा मेरे मुरझाए चेहरे पर खुशी लाती हैं। मैं भी अपनी माँ का प्यार पाकर खुश हो जाती हूँ। अगर मैं कोई भी गलती करता हूँ तो माँ मुझे समझाती हैं की 'बेटा ऐसा कार्य नहीं करना चाहिए' उन्होंने आज तक मुझे न तो डाँटा हैं और न ही मारा हैं। वह बहुत ही अच्छा खाना बनाती हैं जो बहुत ही स्वादिष्ट होता हैं। मेरी माँ मेरा बहुत ख्याल रखती हैं। मैं हमेशा अपनी माँ से प्यार करता रहूँगा।

= धन्यवाद =

- आदर्श कुमार सिंह

माँ का नाम :-
श्रीमती सोनाली सिंह

हस्ताक्षर :- सोनाली सिंह

Topic मेरी माँ Date 18/7/20

निबंध
मेरी माँ



माँ के बिना जीवन की उम्मीद नहीं
अगर माँ न होती तो हमारा अस्तित्व ही न होता।
इस दुनिया में माँ दुनिया की दयालु हृदय वाली
माँ वह है जो हमें जन्म देती है, यहीं कारण है कि
संसार में हर जीवनदायनी वस्तु को माँ की संज्ञा दी जाती
है। यदी हमारे जीवन के शुरूआती समय में कोई हमारे
सुख-दुख में हमारा साथी होता है तो वह हमारी माँ ही
होती। हमारे परिवार को एक साथ रखने वाली
एकमात्र व्यक्ति मेरी माँ है। सबसे खूबसूरत चीज़ो में
एक जो मैंने अपनी माँ से सीखी है वह है,
सहानुभूति। माँ हमारा पालन-पोषण करने के साथ
ही हमारे जीवन में मार्गदर्शक और शिक्षक की भी
भूमिका निभाती है। इस दुनिया मे सबसे ज्यादा
प्यार अगर कोई करता है तो वो "माँ" ही है।

अर्पिता गुप्ता

प्रियंका गुप्ता

Prinka

Arnav Concept
Colours & Shapes



मेरी माँ बहुत अच्छी माँ हैं। एक माँ वह होती हैं जो हमें जन्म देने के साथ साथ ही हमारा लालन-पालन भी करती हैं। माँ के इस शख्सियत को दुनियां में सबसे ज्यादा सम्मान दिया जाता हैं। एक माँ दुनियां भर के कष्ट सहकर भी अपने संतान को अच्छी सुख-सुविधाएं देना चाहती हैं। मेरी माँ मेरे जीवन में कई सारी महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाती हैं, वह मेरी शिक्षक तथा मार्गदर्शक होने के साथ ही मेरी सबसे अच्छी मित्र भी हैं। जब भी मैं किसी समस्या में होता हूँ, तो वह मुझमें विश्वास पैदा करने का कार्य करती हैं। मैं अपने जीवन में जो कुछ भी हूं वह सिर्फ अपने माँ को ही बदौलत हूं क्योंकि मेरी सफलता तथा असफलता दोनों ही वक्त वह मेरे साथ होती हैं। वह मेरे दुख में मेरे साथ रही हैं, मेरे तकलीफों में मेरी शक्ति बनी हैं और वह मेरे हर सफलता की आधार स्तंभ भी हैं। उनके मेहनत, निस्वार्थ भाव, साहस तथा त्याग ने मुझे सदैव ही प्रेरित करने का कार्य किया हैं। उन्होंने मुझे सामाजिक व्यवहार से लेकर ईमानदारी तथा मेहनत जैसी महत्वपूर्ण शिक्षाएं दी हैं। मैं हमेशा अपने माँ से प्यार करता रहूँगा।

धन्यवाद

नाम-आयुष पाठक

माता जी का नाम
श्री मती मृणालिनी पाठक

माता जी के हस्ताक्षर

Date : 17/7/25 Page No. :

Topic : मेरी माँ

मेरी माँ का नाम है अनिता देवी।



माँ बच्चे को जन्म देने वाली जननी होती है। माँ बच्चे की प्रथम गुरु होती है। मेरी माँ ने मुझे को जन्म दिया है। मेरा अच्छे से पालन-पोषण किया है। मेरा हमेशा अच्छा खयाल रखती है। मेरे को हमेशा अच्छे संस्कार देती है। बड़ों का सम्मान करना सिखाती है। अगर मैं कोई गलती करती हूँ तो मुझे रोकती है और अच्छे-बुरे के बारे में बताती है। सुबह जल्दी उठाती है और रात को जल्दी सुला देती है। स्कूल के लिए मेरे को समय पर तैयार करती है और स्कूल में छोड़ कर जाती है। मेरे लिए अच्छा खाना बनाती है। और मेरे कपड़े धुलाई करती है। स्कूल से आने के बाद हमेशा शाम को 16:00 बजे से 19:00 बजे तक मेरे को पढ़ाती है। अगर मेरे को कुछ समझ में नहीं आता है तो मुझे अच्छे से समझाती है। मेरी किसी भी प्रकार की समस्या का समाधान करती है। 16:00 बजे से 19:00 बजे तक पढ़ाई के बाद मुझे पार्क में घुमाने ले जाती है और मेरे साथ खेलती है। इस प्रकार मेरी माँ मेरी प्रथम गुरु है और संसार में सभी की माओं से मेरी माँ सबसे अच्छी माँ है।

Kritika chaudhary

Anita Bais

www.youvaworld.com

Date : 18/07/2025 Page No. :

Topic :

मेरी माँ

माँ..... यह शब्द सिर्फ एक रिश्ता नहीं, इसकी पूरी दुनिया है। माँ का स्थान भगवान से भी ऊपर होता है। मेरी माँ मेरे जीवन की सबसे महत्वपूर्ण और सबसे प्यारी इंसान हैं। उनका नाम (सुमन) है। वह एक गृहिणी हैं। वह हमारे पूरे परिवार की देखभाल करती हैं। माँ का स्वभाव बहुत सरल, मृदुभाषी और दयालु है। वह हमेशा सबकी मदद करने के लिए तैयार रहती हैं। चाहे घर का काम हो, बाहर की जिम्मेदारियाँ हों या बच्चों की देखभाल - माँ हर काम को मुस्कुराकर करती हैं। उन्होंने हमें अच्छे संस्कार दिए हैं।

- साहिल लोहिया

माता जी का नाम -
सुमन सुमन
हस्ताक्षर

Date :

Topic निबंध



:- मेरी माँ :-

माँ वह होती है जो हमें जन्म देती है।
माँ से बड़ा इस दुनिया में कोई नहीं होता है।
माँ हमारी पहली गुरू व शिक्षक भी होती है।
माँ हमेशा हमे खुश देखना चाहती है।

माँ हमारे ऊपर कोई परेशानी नही आने देती है।
माँ के बिना अधूरा-अधूरा सा लगता है।
माँ हमे बुराई से बचाती है और अच्छाई का रास्ता दिखाती है।
माँ हमेशा हमारा ख्याल रखती है।

माँ हमसे बहुत प्यार करती है।
माँ सब कुछ सहती है, फिर भी चुप रहती है।
माँ के रिश्ते को दुनिया मे सबसे ज्यादा दिया जाता है।
माँ की गोद सबसे सुरक्षित और शांत जगह होती है।

माँ वह शक्ति है जो हमारी हर परेशानी का हल ढूंढती है।
माँ हमारी हर जरूरत का ख्याल रखती है।
माँ शुद्ध पृथ्वी पर सबसे मधुर शब्द है.
माँ हमेशा हमारी दोस्त बनकर रहती है।

धन्यवाद

स्वयं
हर्ष उदय

Name
हस्ताक्षर
श्रीमती शमा देवी



P-21

मेरी माँ

माँ दुनिया की सबसे प्यारी इंसान होती हैं। जो अपने प्यार निस्वार्थ भाव से अपने बच्चों पर लुटाती हैं। जिसे शब्दों मे बयां नही किया जा सकता। मेरी माँ का नाम पिंकू दास हैं। वह एक पढ़ी लिखी और शिक्षित महीला हैं। वह घर पर रहती हैं और घर का सारा काम करती हैं। हर रोज़ सुबह जल्दी उठ जाती हैं और हमारे लिए खाना बनाती हैं ताकी हम लेट न हो जाए।

गौरव दास

Pink Dog

मेरी माँ



मेरी माँ मेरे जीवन की सबसे महत्वपूर्ण और प्रिय व्यक्ति हैं। वह बहुत मेहनती, दयालु और समझदार हैं। माँ ही वह पहली इंसान होती हैं जो हमें बोलना, चलना और अच्छे-बुरे की समझ देती हैं। मेरी माँ सुबह जल्दी उठती हैं और पूरे घर का काम संभालती हैं। वह मेरा बहुत ख्याल रखती हैं - समय पर खाना, स्कूल की तैयारी, पढ़ाई और आराम, सब कुछ वह खुद देखती हैं। जब मैं बीमार होती हूँ, तो वह रात-रात भर जागकर मेरी देखभाल करती हैं। उनकी ममता और त्याग की कोई तुलना नहीं हो सकती। माँ हमेशा मुझे अच्छे संस्कार देती हैं और कहती हैं कि ईमानदारी और मेहनत से ही जीवन में सफलता मिलती है। धन्यवाद

नाम - जॉशना रानी
कक्षा - 06

माता जी का नाम - शांतीलता

S. L. Panda.

माता जी के हस्ताक्षर

www.youvaworld.com

Date : Page No :

Topic

मेरी माँ

लेखन



मेरी माँ का नाम जया पान्डे है।
मेरी माँ मेरा बहुत खयाल रखती है।
वह मुझे अच्छे पकवान खिलाती है। मेरी माँ बहुत दयालु है। वह बहुत सुंदर और प्यारी है। मेरी माँ हमारे पूरे परिवार का खयाल रखती है। और वह हमे अच्छे संस्कार और प्रेरणा देती है। मेरी माँ सबकी मदद करती है। मेरी माँ मेरे मुश्किल समय में मेरा साथ देती है। वह प्रतिदिन भगवान से हमारे लिए प्रार्थना करती है और हमे सही मार्ग दिखाती है। जब भी मैं बिमार पड़ती हूँ। तो मुझे सबसे ज्यादा मदद करती है। मेरी माँ हमारी हर छोटी-बड़ी चिंता का खयाल रखती है। वह भगवान का दिया मेरे लिए सबसे बड़ा उपहार है। मैं मेरी माँ से हमेशा प्यार करती रहूँगी।

धन्यवाद

नाम - वाणी पान्डे

माँ - जया पान्डे
हस्ताक्षर

Jaya

Topic मेरी माँ Sign. Sonu Date

मेरी माँ

मेरी माँ दुनिया की सबसे अच्छी माँ है। मेरी माँ का नाम सोनू देवी है। वह बहुत ही सुंदर है। वह हमारे परिवार का अच्छी तरह से ख्याल रखती है। वह हर सुबह सबसे पहले उठ जाती है। वह हमारे लिए स्वादिष्ट खाना बनाती है।

मेरी माँ एक पढ़ी-लिखी गृहिणी है। वह बहुत मेहनती है। वह मुझे पढ़ाई में मदद करती है। मेरी माँ मेरी सबसे अच्छी दोस्त है। वह मेरे मन की हर बात जान लेती है। वह हमेशा मुझे अच्छी बातें सिखाती है। वह मुझे रात को कहानी सुनाती है।

मेरी माँ बहुत दयालु और विनम्र है। वह हमेशा मुझे आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। मेरी माँ मेरी पहली गुरु है जो मुझे जीवन जीने की शिक्षा देती है।

माँ का नाम
⇒ Sonu devi
माँ के हकताक्चर
⇒ Sonu

धन्यवाद
⇒ कुणाल, 6th, 22



Topic मेरी माँ Date 17/1/25

मेरी माँ

मेरी माँ मेरे जीवन की सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति हैं। उनकी उपस्थिति मेरे जीवन को रोशन करती है और मुझे सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है।

मेरी माँ बहुत ही दयालु और सहृदय हैं। वह हमेशा मेरी जरूरतों का ध्यान रखती हैं और मेरी समस्याओं का समाधान ढूंढने में मेरी मदद करती है। उनकी सलाह और समर्थन से मुझे अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिलती है।

मेरी माँ ने मुझे जीवन के मूल्यों और नैतिकता की शिक्षा दी है। उन्होंने मुझे सिखाया है कि कैसे दूसरों के साथ सहानुभूति और सम्मान के साथ व्यवहार करना है। उनकी शिक्षाओं ने मुझे एक बेहतर इन्सान/इंसान बनाने में मदद की है।

मैं अपनी माँ के प्रति आभारी हूँ और हमेशा उनकी सेवा करने का प्रयास करूँगी।

धन्यवाद

नाम = असाना
कक्षा = 6
अनुक्रमांक = 2



JN-664 JINDAL NOTES

TOPIC मेरीमाँ

मेरीमाँ

DATE 17/07/2025



मेरीमाँ का नाम संगीता है। मेरी माँ पहले शिक्षक थी। मेरी माँ डीप्लोमा तक पड़ी है। मेरी माँ मुझे बहुत चीजे दिलाती है। मेरी माँ मेरे लिए बहुत अच्छा खाना पकाती है। मेरी माँ मुझे पड़ाती है। मेरी माँ का जन्म 6 जुलाई को हुआ था। मेरी माँ घर को साफ सुथरा रखती है मेरी माँ बहुत अच्छा पेंटिंग बनाना आता है मेरी माँ बहुत प्यार करती है। मेरी माँ मुझे बहुत अच्छे से संभालती है। मेरी माँ सबसे पहले उठती है।

धन्यवाद

माँ का हस्ताक्षर

लेखक: लोहित

नाम: लोहित

कक्षा: 6th

Oddy Stationery





मेरी माँ (निबंध)

मेरी माँ का नाम अनु शर्मा है। वह बहुत प्यारी, सुंदर तथा समझदार है। वह एक गृहिणी हैं। वह सुबह जल्दी उठती हैं तथा स्कूल के लिए तैयार करती हैं। वह मेरी पसंद का खाना बनाती हैं। मेरी माँ बहुत दयालु तथा मेहनती हैं। वह घर में सबका बहुत ध्यान रखती हैं तथा सबकी समस्याएँ भी सुलझाती हैं। धन्यवाद!

दिव्यांशी
7 जोहर

माँ के हस्ताक्षर



www.youvaworld.com

Date : 18/07/25 Page No. : 01

Topic : मेरी माँ पर एक लेख

मेरी माँ

→ मेरी माँ दुनियाँ की सबसे प्यारी माँ है। मेरी माँ का नाम जिज्ञा है। वह बहुत ही सुंदर है। वह हमारे परिवार का अच्छी तरह से ख्याल रखती है। वह हर सुबह सबसे पहले उठ जाती है। वह हमारे लिए स्वादिष्ट खाना बनाती है।

→ मेरी माँ एक पढ़ी - लिखी गृहिणी है। वह बहुत मेहनती है। वह मुझे पढ़ाई में मदद करती है। मेरी माँ मेरी सबसे अच्छी दोस्त है। वह मेरे मन की हर बात जान लेती है। वह हमेशा मुझे अच्छी बातें सिखाती है। वह मुझे रात को कहानी सुनाती है।

→ मेरी माँ दयालु और विनम्र है। वह हमेशा मुझे आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। मेरी माँ मेरी पहली गुरु है, जो मुझे जीवन जीने की शिक्षा देती है। वह मेरी मुश्किल समय में मेरा साथ देती है। मुझे मेरी माँ पर गर्व है।

छात्र
नाम = देव कुमार

अभिभावक
हस्ताक्षर

D-31

Topic: मेरी माँ पे लेख

DATE 18/7/25

मेरा नाम जीतेश है और मेरी माता जी का नाम संतोषा देवी है।

मेरी माँ पृथ्वी पे से बढ़कर है माँ एक देवी का रूप होती है। माँ अपने बच्चे के लिए अपनी खुद खुशियां त्याग देती है कि बहुत प्यारी है। वह सुबह जल्दी उठती है। मेरी माँ बहुत मेहनती है। वह मेरी देखभाल करती है। वह मेरे लिए खाना बनाती है। वह मेरी सबसे अच्छी दोस्त है। वह मुझे सही रास्ता दिखाती है वह मुझे हिम्मत देती है मैं माँ से बहुत प्यार करता हूँ।



मेरा नाम जीतेश है
मेरी माँ का नाम संतोषा देवी है

Class 12th

Parent Sing
Santosh

Santosh



Topic मेरी माँ Date 17/7/2022

P-32

मेरी माँ एक ऐसी महिला/ हैमाँ हैं जो हम बच्चों की बहुत अच्छी तरह से ध्यान रखती हैं।

वह रोज सुबह पांच बजे उठती हैं और हमें भी उठाती वह रोज सुबह हमें स्कूल के लिए तैयार करती हैं। और हमारे लिए नास्ता तैयार करती हैं। और जब हम स्कूल जाते हैं तो वह अपने काम करती हैं। जब हम स्कूल से आते हैं तो वह हमें खाना देती हैं उनके दूध का खून का कोई भी जवाब नहीं होता हैं वह हमारे लिए पोस्टीक खाना बनाती हैं जब मैं किसी से नाराज हो जाता हूँ तो मेरी माँ मुझे गले लगा लेती हैं और मुझसे पूछती हैं की "क्या हुआ तुम इतने उदास क्यों हो" मेरी माँ मुझे चॉकलेट देती हैं मेरी माँ दुनिया में सबसे अच्छी हैं (मेरी माँ मुझे बहुत प्यार करती हैं) तो मेरा भी फरज बनता हैं की मैं उनका नाम रोशन करूँ मेरी माँ बहुत अच्छी हैं।

धन्यवाद! धन्यवाद!

मेरा नाम = विशाल

मेरी माँ का नाम = मीरा देवी

माँ के हस्ताक्षर हस्ताक्षर (Sign)

मीरा देवी

Arnav Concept

Colours & Shapes L

मेरी माँ पर

निबन्ध



D-33

मेरी माँ का नाम ज्योती है। एक ही है जो मेरी मदद करती मेरी माँ परिवार की देखभाल करी है। मेरी माँ मेरी हर चीज़ मे मदद करती है जैसे होमवर्क , करने मे और और मेरी माँ ने ही मुझे बोलना सिखाया और मेरी माँ मेरे जीवन की एक हँसी है मेरी माँ ने ही मुझे जन्म दिया और मेरी माँ सुबह जल्दी उठती और सुबह मुझे उठाती है और खाना बनाती और जब मेरी तबियत खराब हो जाती तो मेरी माँ मेरी तबियत की अच्छे से ख्याल रखती और मेरी माँ दुनीया कि एक अनमोल माँ है।

Mother
Sir
Jyoti Sharma

नाम - आरव सैन
कक्षा - 6th
अनक मार्क - 12

मेरी माँ



मेरी माँ मेरे जीवन की सबसे खास इंसान हैं। वह न केवल मेरी माँ हैं, बल्कि मेरी सबसे अच्छी दोस्त भी हैं। हमारे बीच बहुत अच्छा रिश्ता है। जब भी मैं किसी बात को लेकर परेशान होती हूँ, तो माँ मुझे प्यार से समझाती हैं और सही राह दिखाती हैं कि ज़िंदगी में अच्छा इंसान कैसे बना जाता है। उनके साथ बात करना मुझे बहुत अच्छा लगता है क्योंकि वो हर बात को धैर्य से सुनती हैं। माँ के बिना मेरी जीवन अधूरा है। मैं उन्हीं से बहुत प्यार करती हूँ।

Name- Pahal Debnath

Class- 6th Roll no-8

Mother name:-
Manti Debnath

Student Signature:
Pahal

Mother signature:

मेरी माँ



माँ तेरी ममता है सबसे न्यारी
लगती तुम्हारे में तुम सबसे प्यारी
प्यार तुम्हारा सागर समान,
स्नेह भरी, तेरी हर मुस्कान।
बिन कहे तुम सब समझ जाती
बिन मांगे हर चीज़ दिलाती।
दूर करती मेरी सारी बीमारी,
जादू की छड़ी है दुआ तुम्हारी।
मेरी खुशियों को अपने सजाती,
आसमानों को अपने थामा देती
बिन तेरे अधूरी है ज़िन्दगी सारी,
तुमने ही मेरी जीवन सवारी।

by - Riddhish

www.youvaworld.com

Date : Page No. :

Topic :



मेरी माँ

माँ हमारी पहली शिक्षक होती है।

माँ के बिना जीवन अधूरा होता है।

माँ हमें हर मुश्किल से बचाती है।

वह हमारी हर जरूरत का ख्याल रखती है।

माँ के प्यार की कोई तुलना नहीं होती।

वह मेरे लिए दिन रात मेहनत करती है।

माँ हमेशा हमे सही रास्ता दिखाती है।

मेरी माँ मेरी सबसे बड़ी ताकत है।

माँ ने मुझे प्यार और अनुशासन सिखाया है।

माँ की ममता सबसे अनमोल होती है।

आदित्या प्रताप

Mam Sig -